# राजस्थान समसामयिकी सितम्बर, 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी सितम्बर, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 September, 2025

■ **भारतीय गैर-लाभकारी संस्था (NGO) 'एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली' को वर्ष 2025 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता घोषित किया गया–**

राजस्थान के दूरदराज के गाँवों में स्कूल न जाने वाली लड़कियों को शिक्षित करने की शुरुआत करने वाली भारतीय गैर-लाभकारी संस्था 'एजुकेट गर्ल्स ग्लोबल' को 2025 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता घोषित किया गया है। वर्ष 2007 में स्थापित इस संस्था की फाउंडर सफीना हुसैन हैं। 31 अगस्त, 2025 को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार फाउंडेशन (आरएमएएफ) ने पुरस्कार के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 'एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली' रेमन मैग्सेसे सम्मान पाने वाला पहला भारतीय संगठन बन गया है। यह 'एजुकेट गर्ल्स' के नाम से ही विख्यात है। भारत के लोगों को पहले भी यह पुरस्कार मिल चुका है। 67वाँ रेमन मैग्सेसे पुरस्कार समारोह 7 नवम्बर को मनीला के मेट्रोपोलिटन थिएटर में आयोजित किया जाएगा।

यह संस्था डरी, खैरवा, धामली, भंवरी, दयालपुरा, रोहट, कलाली, सांवलता, खारड़ा, दुदली, सिणगारी, निम्बली ब्राह्मणान, निम्बली पटेलान, रायपुर, जैतारण गांव सहित पूरे जिले में कार्य कर रही हैं। इसमें 14-29 वर्ष तक की बालिकाओं व महिलाओं को माध्यमिक शिक्षा के लिए महिला अधिकारिता विभाग के साथ मिलकर राजस्थान स्टेट ओपन बोर्ड के तहत आवेदन कराते हैं। इसने जालोर में वर्ष 2011 से लेकर वर्ष 2023 तक पूरे जिले में काम किया है।

■ **आरपीएससी (RPSC) में तीन सदस्यों की नियुक्ति की गई–**

23 सितम्बर, 2025 को राजस्थान सरकार ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) में तीन नए सदस्यों की नियुक्ति की है, जिन्होंने 24 सितम्बर, 2025 को पदभार ग्रहण किया।

**नवीन नियुक्त सदस्य निम्न हैं–**

- **हेमंत प्रियदर्शी :** सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी (1992 बैच)। (साइबर क्राइम और एसीबी के विशेषज्ञ)
- **डॉ. अशोक कुमार कलवार :** प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ और ऑन्कोलॉजिस्ट। (चिकित्सा और अनुसंधान क्षेत्र)।
- **डॉ. सुशील कुमार बिस्सू :** शिक्षाविद् और गणित के विद्वान। (33 वर्षों का शिक्षण अनुभव)

इन नियुक्तियों के बाद, RPSC में अब अध्यक्ष (यू. आर. साहू) सहित कुल 7 सदस्य कार्यरत हैं, जबकि तीन पद अभी भी रिक्त हैं।

■ **28 हस्तियों को मिला राजस्थान गौरव सम्मान 2025–**

31 अगस्त, 2025 को संस्कृति युवा संस्था की ओर से 'राजस्थान गौरव सम्मान समारोह' आयोजित किया गया । इस समारोह में राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने प्रदेश की 28 प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया है। यह संस्था पिछले 30 वर्षों से यह सम्मान प्रदान कर रही है।

**सम्मानित प्रमुख हस्तियाँ–**

- **आईएएस डॉ. मनीषा अरोड़ा–**राजस्थान फाउंडेशन की चैयरमैन।
- **राजीव दत्ता :** लोकसभा स्पीकर के ओएसडी और राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष।
- **पद्मश्री अली-गनी :** मुंबई के प्रसिद्ध संगीतकार।
- **पद्मश्री उस्ताद मोइनुद्दीन खान :** प्रसिद्ध सारंगी वादक।
- **डॉ. जितेन्द्र सोनी :** जयपुर जिला कलेक्टर।
- **अन्य :** रोहिणी कुमारी, आईपीएस दीपक भार्गव, डॉ दिनेश खंडेलवाल, आचार्य ईशान शिवानंद, डॉ. नरेन्द्र राठौड़, आईपीएस अनीश जुक्करवाला, हीरेन जोशी, डॉ. आरएस खेदर, कमल सेठिया, डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री, तरंग अरोड़ा और अनिल अग्रवाल सहित अन्य प्रतिभाओं को भी पुरस्कृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि संस्कृति युवा संस्था विगत 30 वर्षों से राजस्थान की विभिन्न प्रतिभाओं को 'राजस्थान गौरव' के अलंकरण से विभूषित कर रही है।

## Newspaper of 4 September, 2025

■ **3 सितम्बर, 2025 को राज्य विधानसभा में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2025 विपक्ष के विरोध के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिए। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने बताया कि सुपर**

**स्पेशियलिटी राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान ( रिम्स ) 40 एकड़ क्षेत्र में अगले 2 साल में बनकर तैयार हो जाएगा। रिम्स में राजकीय योजनाओं में पात्र मरीजों को नि:शुल्क उपचार मिलेगा। रिम्स एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य करेगा। सरकार विश्वविद्यालय सरकारी महाविद्यालय के घटक या उसकी ओर से स्थापित किसी महाविद्यालय घोषित कर सकेगी। ऐसे में महाविद्यालय का प्रशासनिक नियंत्रण और समस्त भूमि, भवन, प्रयोगशालाओं सहित सभी राज्य सरकार में निहित होंगी।**

## Newspaper of 5 September, 2025

### ■ राजस्थान विधानसभा में कारखाना और कोचिंग सेंटर विधेयक पारित हुआ–

4 सितम्बर, 2025 को राजस्थान विधानसभा में कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक पारित हुआ जिसका उद्देश्य कारखाना अधिनियम, 1948 में संशोधन कर श्रम प्रावधानों को लचीला बनाना है।

राजस्थान विधानसभा में 3 सितम्बर, 2025 को राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक, 2025 पारित हुआ इसके अनुसार कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण के लिए न्यूनतम विद्यार्थियों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 की गई।

विधेयक में कोचिंग सेंटरों पर जुर्माना कम किया गया है, साथ बच्चों के प्रवेश की उम्र 16 साल से कम रखने का प्रावधान किया गया।

**विधेयक से संबंधित–**

- प्रथम बार उल्लंघन पर जुर्माना ₹ 2 लाख से घटाकर ₹ 50 हजार किया गया।
- द्वितीय बार उल्लंघन पर जुर्माना ₹ 5 लाख से घटाकर ₹ 2 लाख किया गया।

विद्यार्थियों के तनाव रहित अध्ययन के लिए प्रत्येक कोचिंग संस्थान में मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता की नियुक्ति और तनाव प्रबंधन के सत्र अनिवार्य होंगे।

गौरतलब है कि इस विधेयक के तहत एक 'राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण एवं विनियमन प्राधिकरण' भी बनाया जाएगा।

## Newspaper of 6 September, 2025

### ■ राज्य में ऑन डिमांड परीक्षा का सिस्टम लॉन्च; अक्टूबर में जयपुर, बीकानेर व उदयपुर में होगी परीक्षा–

5 सितम्बर, 2025 को शिक्षक दिवस पर बिड़ला सभागार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऑन डिमांड परीक्षा का सिस्टम लॉन्च किया। परीक्षा के लिए आवेदन इसी महीने लिए जाएंगे। परीक्षा अक्टूबर में होगी और परिणाम भी उसी माह आएगा। भास्कर ने 2 सितंबर के अंक में ''ऑन डिमांड परीक्षा कराने वाला राजस्थान पहला राज्य, 1 माह में 2700 छात्र बैठेंगे'' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर इस परीक्षा की पूरी गाइडलाइन की जानकारी दी थी। शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि अक्टूबर में जयपुर, उदयपुर, बीकानेर की डाइट में परीक्षा होंगी। इसके बाद जनवरी में सभी 9 संभागों में परीक्षा होगी। अगले सत्र में प्रदेश के 41 जिलों में परीक्षा के केन्द्र बनाएंगे।

**क्या खास है इस परीक्षा में–**

- इस परीक्षा में देश के 75 बोर्डों में 10वीं व 12वीं में फेल होने वाली विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे, ताकि उनका एक साल खराब ना हो।
- परीक्षा पहले से तीसरे सोमवार, मंगलवार व बुधवार को होगी।
- प्रत्येक दिन हर केन्द्र पर 2-2 पारियों में परीक्षा होगी। प्रत्येक पारी में 50 विद्यार्थी शामिल होंगे।
- एक सप्ताह में तीनों केन्द्रों पर कुल 900 विद्यार्थी परीक्षा दे सकेंगे। तीनों सप्ताह में कुल 2700 विद्यार्थियों की परीक्षा का आयोजन हो सकेगा।
- परीक्षा में आवेदकों को 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार मौका मिलेगा।
- आवेदन के लिए आधार जरूरी होगा।
- डाइट प्रिंसिपल परीक्षा के लिए केन्द्राधीक्षक होंगे।

### ■ राजस्थान की नीलम यादव को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिला–

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 5 सितम्बर, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में अलवर जिले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, टपूकड़ा की प्रिंसिपल नीलम यादव को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्हें ₹ 50 हजार नकद, एक पदक और प्रशस्ति-पत्र दिया गया। नीलम यादव को यह सम्मान उनके प्रयासों के लिए मिला, जिससे उन्होंने भामाशाहों और CSR के सहयोग से विद्यालय में डिजिटल लैब, आधुनिक तकनीकी स्कूल लैब और स्मार्ट क्लासों की व्यवस्था कर शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के नामांकन में महत्त्वपूर्ण सुधार किए।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ने देशभर से चयनित 45 उत्कृष्ट शिक्षकों (स्कूल शिक्षा से) को इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

## Newspaper of 8 September, 2025

### ■ राजस्थान सरकार ने विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी; दो करोड़ तक के ऋण पर आठ फीसदी तक मिलेगा ब्याज अनुदान–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हाल ही में राज्य सरकार ने विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इसमें 2 करोड़ रुपए तक के ऋण पर 8 फीसदी तक ब्याज अनुदान मिलेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना का अनुमोदन किया गया। योजना का उद्देश्य युवाओं में स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहन करना है। इससे युवा आत्मनिर्भर बन सकेंगे। योजना के तहत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को वित्तीय संस्थानों के माध्यम से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में अधिकतम 2 करोड़ रुपए तक के ऋण पर 8 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा। इसके तहत महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग श्रेणी के उद्यमियों, ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित उद्यम, कार्ड धारक बुनकर एवं शिल्पकारों को 1 करोड़ से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक के ऋण पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जाएगा। वित्तीय संस्थान द्वारा प्रदान किए गए ऋण पर 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5 लाख रुपए तक मार्जिन मनी अनुदान भी दिया जाएगा।

## Newspaper of 9 September, 2025

- **राजस्थान विधानसभा में राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान जयपुर विधेयक (रिम्स) और राजस्थान मत्स्य क्षेत्र संशोधन विधेयक 2025 पारित हुए; रिम्स में RUHS का विलय होगा–**

8 सितम्बर, 2025 को राजस्थान विधानसभा ने 'राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान, जयपुर विधेयक, 2025' पारित किया। इस विधेयक का उद्देश्य राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साईंसेज (RUHS) का उन्नयन कर इसे दिल्ली एम्स (AIIMS) की तर्ज पर एक स्वायत्त संस्थान 'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (RIMS) के रूप में स्थापित करना है।

गौरतलब है कि रिम्स की स्थापना की घोषणा वर्ष 2024-25 के बजट में की गई थी, जिसका लक्ष्य प्रदेश में सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सा को नए आयाम देना है। रिम्स के लिए चरणबद्ध रूप से ₹ 750 करोड़ व्यय करने का प्रावधान है।

- **राजस्थान मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित हुआ।**

8 सितम्बर, 2025 को राजस्थान विधानसभा द्वारा राजस्थान मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) विधेयक-2025 पारित किया गया। इसका उद्देश्य मछली पकड़ने से जुड़े अपराधों (जैसे विस्फोटक या विष डालकर मछली मारना) पर जुर्माना बढ़ाना और दंड प्रावधानों को सख्त करना है। जिसमें प्रथम अपराध पर शास्ति 500 से बढ़ाकर ₹ 25000 की गई। दोबारा अपराध पर शास्ति ₹ 1000 से बढ़ाकर ₹ 50000 की गई, साथ ही 6 माह तक की जेल का प्रावधान भी किया है।

- **राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन–**

8 सितम्बर, 2025 को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में एक दिवसीय 'राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव-2025' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के मसाला बायर (खरीदारों) और सेलर (विक्रेताओं) के बीच समन्वय स्थापित कर मसाला उद्योग को बढ़ावा देना था।

**इसका प्रमुख उद्देश्य–**मसाला कृषकों, व्यापारियों और निर्यातकों को गुणवत्तायुक्त उत्पादन, विपणन, निर्यात प्रक्रिया और जैविक मसाले उत्पादन की जानकारी प्रदान करना।

## Newspaper of 10 September, 2025

- **राजस्थान विधानसभा में धर्मान्तरण विरोधी विधेयक पारित हुआ; अन्य धर्म में शादी करने पर कलक्टर को 90 दिवस पहले सूचना देनी होगी–**

9 सितम्बर, 2025 को राजस्थान विधानसभा में राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 पारित कर दिया गया। अवैध रूप से धर्मान्तरण रोकने के लिए विधानसभा ने दूसरी बार विधेयक को मंजूरी दी है, वहीं एक बार विधेयक को ड्राफ्ट स्तर पर ही केन्द्र सरकार ने अटका दिया। वर्तमान विधेयक में जबरन व प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने वाली संस्थाओं की अवैध सम्पत्तियों को बुलडोजर से ध्वस्त करने का प्रावधान है।

प्रदेश में किसी भी धर्म के व्यक्ति को अन्य धर्म में शादी करने या किसी अन्य उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने के लिए कलक्टर को 90 दिन पहले सूचना देकर स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन का घोषणा-पत्र देना होगा। ऐसा नहीं करने पर जबरन धर्म परिवर्तन मानते हुए राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस विधेयक के आधार पर बनने वाला कानून सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होगा, लेकिन मूल धर्म में वापसी को धर्म परिवर्तन नहीं माना जाएगा।

**लव जिहाद पर हमला–**विधेयक में धर्म परिवर्तन के मकसद से शादी करने को धर्मांतरण की परिभाषा में लिया गया है। अगर कोई बहला-फुसला कर, झूठे वादे करके या गलत जानकारी देकर शादी करता है और शादी से पहले या शादी के बाद धर्म परिवर्तन करवाता है तो इसे धर्मांतरण माना जाएगा। ऐसे मामलों में सजा होगी, जिसे लव जिहाद से जोड़कर देखा जा रहा है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**प्रमुख दंड और प्रावधान**

| अपराध का प्रकार | प्रस्तावित न्यूनतम दंड | न्यूनतम जुर्माना |
|---|---|---|
| छल-कपट से धर्म परिवर्तन | 7 से 14 वर्ष का कारावास | ₹ 5 लाख |
| अल्पायु/महिला/अनु. जा./अनु. ज. जा./ दिव्यांगजन आदि का कपटपूर्ण धर्म परिवर्तन | 10 से 20 वर्ष का कारावास | ₹ 10 लाख |
| कपटपूर्ण सामूहिक धर्म परिवर्तन | 20 वर्ष से आजीवन कारावास | ₹ 25 लाख |
| विदेशी/अवैध संस्थाओं से धन प्राप्त कर धर्म परिवर्तन | 10 से 20 वर्ष का कठोर कारावास | ₹ 20 लाख |
| धमकी/विवाह/दुर्व्यापार द्वारा धर्म परिवर्तन | 20 वर्ष से आजीवन कारावास | ₹ 30 लाख |
| पुन:दोष सिद्धि | 20 वर्ष से आजीवन कारावास | ₹ 50 लाख |

**निम्न अन्य महत्त्वपूर्ण प्रावधान किए गए–**

- **विवाह निरस्त :** विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से किए गए विवाह को फैमिली कोर्ट द्वारा निरस्त किया जा सकेगा।
- **संपत्ति की जब्ती :** जिन संपत्तियों का उपयोग जबरन धर्म परिवर्तन के लिए किया गया है, उनकी जब्ती की जा सकेगी।

## Newspaper of 11 September, 2025

### राजस्थान भू-जल संरक्षण के लिए प्राधिकरण का गठन–

राजस्थान विधानसभा ने 10 सितम्बर, 2025 को 'राजस्थान भू-जल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक, 2024' पारित किया है। जिसके तहत भू-जल के संरक्षण, संवर्धन और उचित प्रबंधन के लिए राजस्थान, सरकार एक राज्य प्राधिकरण का गठन करेगी।

इस प्राधिकरण का उद्देश्य भू-जल स्तर बनाए रखने, पुनर्भरण करने और जल संसाधनों का उचित, न्यायसंगत तथा सतत उपयोग सुनिश्चित करना।

**यह प्राधिकरण निम्न कार्य करेगा–**

- जल की माँग और आपूर्ति के समस्त पहलुओं पर सरकार को सुझाव देना।
- भू-जल के उपयोग और गुणवत्ता मापने के लिए प्रणाली स्थापित करने की सिफारिश करना।
- जागरूकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक आँकड़ों की सूचना प्रकाशित करना।
- विधेयक में अप्राधिकृत कार्यों के उल्लंघन पर प्रथम बार अपराध पर ₹ 50 हजार तक का जुर्माना देय होगा तथा पुन: दोषसिद्धि होने पर 6 माह तक का कारवास या ₹ 1 लाख तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है।

### राजस्थान-भू राजस्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2025 पारित हुआ–

10 सितम्बर, 2025 को राजस्थान विधानसभा ने राजस्थान भू-राजस्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) विधेयक, 2025 पारित किया। इस विधेयक के माध्यम से राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 में संशोधन किया गया है।

इस संशोधन का मुख्य उद्देश्य राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RIICO) के अधीन भूखंडों के प्रबंधन, विनियमन और भू-रूपांतरण की प्रक्रियाओं को सहज और विधिमान्य बनाना है।

### 10 सितम्बर, 2025 को राज्य विधानसभा में राजस्थान भू-जल (संरक्षण एवं प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक, 2024 पारित हुआ। प्रदेश में औद्योगिक-वाणिज्यिक उपयोग के लिए बोरवेल-ट्यूबवेल की खुदाई से पहले अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अनुमति नहीं लेने पर 50 हजार रुपए जुर्माना होगा और इसकी पुनरावृत्ति पर एक लाख रुपए तक जुर्माना और छह माह तक सजा हो सकेगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल मंत्री कन्हैया लाल ने राजस्थान भू-जल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक, 2024 पारित करने का प्रस्ताव रखा, जिसके बाद विधेयक पारित कर दिया गया।

### राजस्थान में 6000 मेगावाट की बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना–

ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर द्वारा विधानसभा में दी गई जानकारी के अनुसार राजस्थान में केन्द्र सरकार के सहयोग से 6000 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली स्थापित की जाएगी।

अक्षय ऊर्जा स्रोतों (जैसे सौर ऊर्जा) से दिन में उत्पन्न बिजली को भंडारित कर रात में उपलब्ध कराना, जिससे ऊर्जा की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## Newspaper of 16 September, 2025

### राजस्थान में जनगणना-2027 डिजिटल स्वरूप में जनगणना होगी–

राजस्थान में जनगणना-2027 पूर्णत: डिजिटल स्वरूप में आयोजित की जाएगी। इस क्रम में जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर राज्य स्तरीय समन्वय समिति की पहली बैठक मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में 15 सितम्बर, 2025 को जयपुर में आयोजित हुई।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

यह जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी, जिससे गाँव और तहसील स्तर तक का सटीक डेटा संकलित किया जा सकेगा।
जनगणना की सटीकता के लिए, 31 दिसम्बर, 2025 तक ही प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में बदलाव की अनुमति होगी। इसके बाद 1 जनवरी 2026 से मार्च 2027 तक कोई बदलाव स्वीकार्य नहीं होगा।
जनगणना का पहला चरण मई-जून 2026 में मकानों की सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा तथा दूसरा चरण : फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना शुरू की जाएगी।

## Newspaper of 18 September, 2025

### मुख्यमंत्री ने 'सेवा पखवाड़ा' और ग्रामीण-शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ किया–

- 17 सितम्बर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में 'ग्रामीण सेवा शिविर' और 'शहरी सेवा शिविर' का शुभारंभ किया।
- इसी के साथ, 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक चलने वाले 'सेवा पखवाड़ा' और 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025' की भी शुरुआत की गई।
- **सेवा शिविरों का शुभारंभ–**
  **ग्रामीण सेवा शिविर–**बस्सी के बिराजपुरा गाँव में किया गया।
  शहरी सेवा शिविर का उद्घाटन जयपुर के मालवीय नगर में किया गया।

इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर त्वरित और पारदर्शी समाधान तथा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

### सितम्बर, 2025 में–

प्रो. बीएल वर्मा को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा का कुलगुरु नियुक्त किया गया है।
डॉ.सुमन्त व्यास को राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर का कुलगुरु नियुक्त किया गया है।
उपरोक्त दोनों कुलगुरु की नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) रहेगा।

## Newspaper of 20 September, 2025

### राजेश्वर सिंह राज्य निर्वाचन आयुक्त बने–

19 सितम्बर, 2025 को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राजेश्वर सिंह (1989 बैच) ने राज्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार ग्रहण किया है।
उन्हें जालोर, उदयपुर, भरतपुर और जयपुर में संभागीय आयुक्त के रूप में चुनाव कार्य के प्रबंधन का व्यापक अनुभव है।

## Newspaper of 21 September, 2025

### महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सेना ने किया महाअभ्यास 'अमोघ फ्यूरी'–

19-20 सितम्बर, 2025 को भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान ने बीकानेर में स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में एक बड़ा एकीकृत युद्धाभ्यास 'अमोघ फ्यूरी' आयोजित किया। इस अभ्यास का उद्देश्य आधुनिक युद्ध की परिस्थितियों में सेना की युद्ध क्षमता, समन्वय और परिचालन तैयारियों का परीक्षण करना था। इस उच्च तीव्रता वाले फायर पावर अभ्यास में भारतीय सेना ने बहु-क्षेत्रीय युद्ध परिदृश्य में अपनी तत्परता, सैनिकों की त्वरित तैनाती, आक्रामक जमीनी कार्रवाईयों और संयुक्त युद्धक अभियानों का प्रदर्शन किया। अभ्यास के दौरान नेटवर्क आधारित संचार, कमान और नियंत्रण संरचना, वास्तविक समय निगरानी और लक्ष्य साधन प्रणालियों का उपयोग किया गया।

### राजस्थान फिल्म फेस्टिवल का 13वाँ संस्करण जयपुर में आयोजित हुआ–

20 सितम्बर, 2025 को राजस्थान फिल्म फेस्टिवल का 13वाँ संस्करण जयपुर में आयोजित हुआ।
राजस्थान फिल्म फेस्टिवल (RFF) की अवॉर्ड नाइट के आयोजन को बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे, डेजी शाह और सुमित व्यास ने होस्ट किया। इस दौरान देश भर से आई रीजनल फिल्मों और राजस्थान की फिल्मों को अलग-अलग 12 कैटेगरी में सम्मानित किया गया।

## Newspaper of 22 September, 2025

### 12वाँ इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर 2025 : भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) में आयोजित हुआ–

19-21 सितम्बर, 2025 तक भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) में 12वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर (IIF) 2025 का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने किया। इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को बढ़ावा देना और औद्योगिक विकास को गति देना है।

## Newspaper of 26 September, 2025

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नापला में माही-बाँसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी–

25 सितम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाँसवाड़ा में माही-बजाज सागर बांध के पास नापला गाँव में अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड (अश्विनी) की माही-बाँसवाड़ा

राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना (MBRAPP) की आधारशिला रखी।

**परियोजना एक नजर में–**

- इस परियोजना की कुल क्षमता 2800 मेगावाट (4 × 700 मेगावाट) होगी, जिसमें विकसित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ चार स्वदेशी 700 मेगावाट दबावयुक्त भारी पानी रिएक्टर शामिल हैं।
- इसका अनुमानित व्यय ₹ 42 हजार करोड़ है। इस परियोजना का डिजाइन व विकास एनपीसीआईएल (NPCIL) द्वारा किया गया है। इस परियोजना में प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर तकनीक का उपयोग होगा संयंत्र के लिए जल स्रोत माही नदी (माही बजाज सागर बाँध के अपस्ट्रीम से) निर्धारित किया गया है।
- इस परियोजना की प्रथम इकाई का वाणिज्यिक संचालन मई, 2032 से प्रस्तावित है। यह राजस्थान की दूसरी परमाणु ऊर्जा परियोजना है।

## Newspaper of 27 September, 2025

### राजस्थान में 10 दिसम्बर, 2025 को 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' प्रस्तावित–

राजस्थान सरकार ने राज्य के विकास में प्रवासी राजस्थानियों के योगदान को सम्मानित करने और उनसे जुड़ने के लिए प्रतिवर्ष 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने का फैसला किया है। इसी संदर्भ में प्रवासी राजस्थान मीट का आयोजन 26 सितम्बर, 2025 को हैदराबाद में किया गया। इस वर्ष यह दिवस जयपुर में मनाया गया। यह आयोजन 'राइजिंग राजस्थान' पार्टनरशिप कॉन्क्लेव-2025 के साथ ही होगा, जो 9-10 दिसम्बर, 2025 को आयोजित किया जाएगा। इस दिन सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रवासी राजस्थानियों को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार' (PRSA) से सम्मानित भी किया जाएगा।

## Newspaper of 28 September, 2025

### जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए–

सितम्बर, 2025 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को राजस्थान हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा ने अपने 61वें जन्मदिन, 27 सितम्बर, 2025 को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जस्टिस के. आर. श्रीराम का स्थान लिया, जो 27 सितम्बर, 2025 को सेवानिवृत्त हुए। उल्लेखनीय है कि जस्टिस श्रीराम 21 जुलाई, 2025 को 43वें मुख्य न्यायधीश बने थे और उनका कार्यकाल केवल 69 दिनों का रहा।

### 26-27 सितम्बर, 2025 को दौसा जिले के आभानेरी गाँव में प्रसिद्ध 'चांद बावड़ी' के पास 'आभानेरी महोत्सव 2025' का आयोजन किया गया। इस महोत्सव के दौरान उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री दीया कुमारी ने स्वयं भी मिट्टी के दीपक बनाकर 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया।

## Newspaper of 30 September, 2025

### अलवर और उदयपुर को राष्ट्रीय सम्मान मिला–

सितम्बर 2025 में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) द्वारा आयोजित एक समारोह में राजस्थान के दो जिलों (अलवर और उदयपुर) को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। अलवर को 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025' (130 शहरों का मूल्यांकन) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस सर्वेक्षण में अलवर को तीसरा स्थान मिला। पुरस्कार का लक्ष्य 'क्लीन एयर फॉर ऑल' रहा। उदयपुर को रामसर कन्वेंशन के अंतर्गत वेटलैण्ड सिटी एक्रिडिटेशन स्कीम में भारत के पहले दो वेटलैण्ड सिटीज में शामिल किया गया।

### जयपुर, जोधपुर और कोटा में अब एक ही नगर निगम होंगे–

सितम्बर, 2025 में राजस्थान सरकार ने जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगमों को विभाजित कर बनाए गए दो-दो निगमों को समाप्त करते हुए, उन्हें पुनः एक ही नगर निगम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब राज्य में नगर निगमों और नगर पालिकाओं की कुल संख्या 312 से घटकर 309 हो जाएगी। जयपुर में अब एक ही नगर निगम होगा, जिसमें 150 वार्ड होंगे तथा जोधपुर और कोटा दोनों शहरों में दो की जगह अब एक-एक निगम होगा, जिनमें 100-100 वार्ड होंगे। गौरतलब है कि आगामी चुनावों में जयपुर ग्रेटर और जयपुर हेरिटेज का अलग अस्तित्व समाप्त हो जाएगा और इसी तरह जोधपुर तथा कोटा के विभाजन भी समाप्त हो जाएँगे।

### राजस्थान में जौ की नई किस्म 'आर. डी. 3064' विकसित की गई–

हाल ही में जयपुर स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा के वैज्ञानिकों ने लगभग 10 साल के परीक्षण के बाद, जौ की एक नई किस्म 'आर. डी. 3064' विकसित की है। इस किस्म को राष्ट्रीय किस्म चयन समिति ने अनुमोदन भी दे दिया है। इसकी अधिकतम दाना उपज 91.67 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होगी। यह किस्म 2 से 4 पानी की सिंचाई में 125 से 135 दिन में तैयार हो जाएगी। □□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें

### ( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com